आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.09.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- देश में अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधार नवरात्रि के पहले दिन आज से लागू हो रहा है।
- पर्यटन विभाग की ओर से 27 सितम्बर को भारतीय व्यंजन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।
- द्वीपसमूह के साइक्लिंग कार्यक्रम 'अंडमान भ्रमण' के तहत देश भर के 33 साइकिल चालक भाग ले रहे हैं।
- पुलिस अपराध एवं आर्थिक अपराध शाखा ने करोड़ों रुपये के सहकारी बैंक धोखाधड़ी मामले में आरोप पत्र दाखिल किया।

<><><><><><>

देश में अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधार नवरात्रि के पहले दिन आज से लागू हो रहा है। राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव के शुरू हो जाने से लोग कम कीमत पर अपनी पसंद के सामान खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की विकास गाथा इन सुधारों के साथ बदल जाएगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने कर प्रणाली को सरल बनाया है। उन्होंने बताया कि 2014 में सत्ता में आने के बाद राज्यों और हितधारकों से परामर्श के बाद सरकार ने वस्तु और सेवाकर को वरीयता दी। श्री मोदी ने कहा कि नई कर संरचना के तहत केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत कर दरें रहेंगी। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक राष्ट्र – एक कर का सपना पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि उनके कर बोझ को आसान बनाने के लिए सरकार ने कदम उठाए हैं। मध्यम वर्ग के लोगों को दोहरा फायदा होगा। अब उन्हें सामानों और वाहनों के लिए कम खर्च करना पड़ेगा। श्री मोदी ने कहा कि होटल में ठहरने की कीमत में कमी आने से पर्यटन भी कम खर्चीला होगा।

<><><><><><>

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम बात करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने किसानों की वित्तीय सुरक्षा मज़बूत की है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से 27 सितम्बर को प्रदर्शनी मैदान में भारतीय व्यंजन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव शाम 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। इस सिलसिले में विभाग ने इच्छुक उद्यमियों, फर्मों और व्यक्तियों से स्टॉल आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित आवेदकों को स्टॉल लॉटरी प्रणाली के माध्यम से आवंटित किए जाएंगे। महोत्सव के दौरान सर्वश्रेष्ठ तीन विक्रेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। स्टॉल आवंटन के लिए विस्तृत नियमों और शर्तों के साथ आवेदन पत्र पर्यटन निदेशालय के परिचालन अनुभाग से कार्यालय अवधि के दौरान प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र कल तक जमा किए जा सकते हैं। स्टॉल का आवंटन 24 सितम्बर को और आवंटन पत्र 25 तारीख को जारी किया जाएगा।

<><><><><><><>

विश्व पर्यटन दिवस 27 सितंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर "पर्यटन और सतत परिवर्तन" विषय के साथ सभी संग्रहालयों, जैसे चाथम सॉ मिल, समुद्रिका, मानव विज्ञान संग्रहालय, मत्स्य पालन संग्रहालय, राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल और भारतीय प्राणी सर्वेक्षण में पर्यटकों और आम जनता के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के प्रमुख साहसिक और पर्यावरण–पर्यटन साइकिलिंग कार्यक्रम 'अंडमान भ्रमण' के पाँचवें संस्करण का शुभारंभ कल राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल, से हुआ। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने साइकिलिंग कार्यक्रम को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। कार्यक्रम में सूचना, प्रचार और पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी और निदेशक विनायक चमड़िया भी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में इस पहल की सराहना करते हुए प्रतिभागियों को साहसिक भावना को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। 'अंडमान भ्रमण' कार्यक्रम के तहत सात दिनों में 315 किलोमीटर से ज़्यादा की दूरी तय करते हुए साइकिल चालक चिड़ियाटापू, माउंट मणिपुर, शोल बे, जिरकाटांग, बाराटांग, रंगत, मायाबंदर, रॉस एंड स्मिथ आईलैंड और डिगलीपुर जाएंगे। इस संस्करण में बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई, पुणे, उत्तर प्रदेश और गोवा सहित पूरे भारत से लगभग 33 साइकिल चालक और स्थानीय राइडर्स भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

सी आई डी इकाई की पुलिस अपराध एवं आर्थिक अपराध शाखा ने करोड़ों रुपये के सहकारी बैंक धोखाधड़ी मामले में आरोप पत्र दाखिल किया है। लगभग 100 आरोपियों और फर्मों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया है। इस मामले में पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा, अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक के. मुरुगन और प्रबंधक, ऋण के. कलैवानन सहित कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में रखा गया है। कुल 23 फर्जी कंपनियों की पहचान की गई और उनका भंडाफोड़ किया गया। जांच के दौरान, द्वीपसमूह में आरोपियों और फर्मों के विभिन्न कार्यालयों, आवासों और व्यावसायिक परिसरों में लगभग 10 तलाशी और जब्ती अभियान चलाए गए। अकेले इन संस्थाओं के माध्यम से दिए गए धोखाधड़ी वाले ऋणों की राशि 316.5 करोड़ थी। इन संपत्तियों की पहचान अपराध से प्राप्त आय के रूप में की गई है और संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत ज़ब्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

<><><><><><><>

राज्य परिवहन प्राधिकरण की ओर से ग्रामीण परिवहन में सुधार लाने और इन क्षेत्रों में निजी स्टेज कैरिज ऑपरेटरों की भागीदारी बढ़ाने के लिए, मध्योत्तर अंडमान के 22 मार्गों पर निजी स्टेज कैरिज परमिट जारी करने के लिए निजी आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक आवेदकों से 15 दिनों के भीतर क्षेत्र के परिवहन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों या परिवहन निदेशालय में आवेदन जमा करने को अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>